कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)

Email : pgcollegekarauli@gmail.com Phone - 07464-250023

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

आवश्यक सूचना

16 AUG 2023

स्नातक (बी.ए / बी.एससी. / बी.कॉम.) भाग प्रथम वर्ष के नियमित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी सप्ताह में एनसीसी केडेट्स की भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त भर्ती प्रकिया में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 21/08/2023 तक एनसीसी कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं।

एनसीसी भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेज / शर्ते इस प्रकार है–

1. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करौली का नियमित छात्र / छात्रा हो। (प्रवेश शुल्क की रसीद संलग्न करें।)
2. उक्त भर्ती प्रकिया में तीस प्रतिशत सीटें महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।
3. जिन छात्रों ने प्रवेश के समय मूल टी.सी और सी.सी बाद में जमा करवाने का स्वघोषणा पत्र भरा है, उनकी टी.सी और सी.सी एनसीसी में आवेदन से पूर्व महाविद्यालय में जमा हो जानी चाहिए।
4. छात्र / छात्रा की 12वीं कक्षा और स्नातक प्रथम वर्ष में कोई अंतराल नहीं हो। (12वीं की अंकतालिका संलग्न करें।)
5. जिन छात्र / छात्राओं ने पूर्व में जूनियर डिविजन से 'ए' प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, उन्हें फिजिकल परीक्षा 'ए' प्रमाणपत्र प्राप्त अभ्यर्थियों के साथ देना होगा। किन्तु उन्हें प्रवेश सीनियर डिवीजन में 'ए' सर्टिफिकेट के अंतर्गत मिलेगा।
6. जिन छात्र / छात्राओं ने पूर्व में 'बी' प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, उन छात्र–छात्राओं को सीधे 'सी' सर्टिफिकेट में प्रवेश मिल सकेगा, वशर्ते–

   (अ.) अगर उन्होंने उच्च माध्यमिक परीक्षा जिस संस्थान से उत्तीर्ण की है, वहाँ एनसीसी संचालित हो और उसी आधार पर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश मिला हो।

   (ब.) अगर वे आई.टी आई / पॉलीटेक्निक संस्थान के छात्र हैं तो महाविद्यालय में उनका प्रवेश आई.टी आई / पॉलीटेक्निक की अंकतालिका के आधार पर होना चाहिए।
7. छात्र / छात्रा की उम्र 16 वर्ष से अधिक, किन्तु 22 वर्ष से कम हो। (10वीं की अंकतालिका संलग्न करें।)

8. छात्र/छात्रा का स्वयं का बैंक खाता हो। (बैंक पासबुक के मुख्य पृष्ट की छाया प्रतिलिपि/कॉपी संलग्न करें, जिसमें बैंक का नाम, शाखा, खाता संख्या और आईएफसी नं स्पष्ट रूप से दर्ज हो।)
9. आधार कार्ड की फोटोकॉपी।
10. छात्र/छात्रा का तीन पासपोर्ट साइज फोटो, जो कि उसके महाविद्यालय आवेदन पत्र पर दर्ज हो।
11. छात्र/छात्रा का ब्लड ग्रुप आवेदन पत्र में दर्ज होना चाहिए।
12. शारीरिक रूप से सक्षम/फिट होने का प्रमाण पत्र। (आवेदन पत्र में उल्लेखित चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित।)
13. स्वघोषणा/इनडिमिनिटी बांड। (आवेदन पत्र में उल्लेखित, स्वयं के द्वारा।)
14. खेल संबंधी प्रमाण पत्र, अगर हो तो।
15. एनसीसी भर्ती का आवेदन अभ्यर्थी को स्वयं प्रस्तुत करना होगा, जिसका फोओग्राफ लिया जाना अनिवार्य है।
16. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र जमा कराने पर रसीद (टोकन) दी जायेगी, जिसे भर्ती के दौरान साथ लाना अनिवार्य है। इस दौरान आपके मुख्य दस्तावेज पुनः देखे जा सकते है, इसलिए उन्हें साथ रखना आवश्यक है।

भर्ती प्रकिया के मापदण्ड निम्नानुसार हैं–

अ.शारीरिक परीक्षा–

1. सोलह सौ मीटर दौड़
2. पुशअप और शिटअप एवं अन्य शारीरिक गतिविधि

ब.लिखित परीक्षा–

1. बहुविकल्पीय एवं लघुत्तरात्मक प्रश्न

स.मौखिक साक्षात्कार–

उक्त प्रकिया/ मापदण्डों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ केडेट्स का चयन बटालियन द्वारा मैरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा। एन.सी.सी. भर्ती की प्रकिया महाविद्यालय और 14, राज बटालियन के कमाण्डेन्ट अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी। भर्ती के दौरान छात्र को अनुशासन का विशेष ध्यान रखना होगा अन्यथा अनुशासन भंग करने के दोषी पाये जाने पर उन्हें एन.सी.सी. भर्ती प्रकिया से वंचित कर दिया जावेगा।

16/08/23

(लेफ्टिनेंट डॉ.महेन्द्र सिंह मीणा)
सह एन.सी.सी.अधिकारी
14, राज बटालियन एनसीसी कोटा
राजकीय महाविद्यालय करौली

Mahendra Singh Meena
NCC Officer/C.T.O
14 Raj. Bn. N.C.C. Kota
Govt. College Karauli

(श्री नत्थूसिंह सजपाल)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, करौली